# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 17.09.2026**

- **थाना रसूलाबाद पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से दो गेहूं की बोरी, एक धान की बोरी व 10,020/- रूपये नगद बरामद।**

कृपया सादर अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में चोरी की घटना की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 15.09.2026 को थाना रसूलाबाद पर वादी विशाल कुमार पुत्र छोटे राठौर निवासी ग्राम सुक्खा निवादा, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात द्वारा तहरीर बावत दिनांक 13.09.2026 को उसके घर में रखीं धान व गेहूं की बोरियां, इन्वर्टर बैट्री, मोटर साइकिल व अलमारी में रखे सामान की चोरी हो जाने के सम्बन्ध में नामित अभियुक्तगण 1. मुकेश उर्फ टावर पुत्र बडके व 2. सलमान पुत्र नन्हू निवासीगण ग्राम सुक्खा निवादा, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात के विरुद्ध मु0अ0सं0 0355/2026 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना रसूलाबाद पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिरखास की सूचना पर नामित अभियुक्त मुकेश उर्फ टावर उपरोक्त को दिनांक 16.09.2026 को ग्राम कुर्सीखेड़ा रोड़ पर ग्राम हरलाल निवादा के पास थाना क्षेत्र रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की दो गेहूं की बोरी, एक धान की बोरी व जामा तलाशी से 10,020/- रूपये नगद बरामद किए गए। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोतरी की गई है। अन्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास जारी हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त मुकेश उर्फ टावर उपरोक्त का विवरण-**

1. मुकेश उर्फ टावर पुत्र बडके निवासी ग्राम सुक्खा निवादा, थाना रसूलाबाद, कानपुर देहात, उम्र लगभग 21 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

1. दो गेहूं की बोरी।
2. एक धान की बोरी।
3. जामा तलाशी से 10,020/- रुपये नगद।

**अभियुक्त मुकेश उर्फ टावर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 0355/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 केशवदेव चौकी प्रभारी तिश्ती, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात,
2. का0 154 जगदीश, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात,
3. रि0का0 1300 सोमदत्त, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात,
4. रि0का0 667 गजेन्द्र, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात।